हिम्मत ना हारिये प्रभु ना बिसारिये

हिम्मत ना हारिये प्रभु ना बिसारिये
हसते मुस्कुराते हुए जिन्दगी गुजारिये

१) काम ऐसे कीजिये कि जिनसे हो सबका भला
बातें ऐसी कीजिये कि जिनमें हो अमृत भरा
मीठी बोली बोल सबको प्रेम से पुकारिये
कडवे बोल बोलके ना जिन्दगी बिगाड़िये

२) अच्छे कर्म करते हुए दुख भी अगर पा रहे
पिछले पाप कर्मों का भुगतान वो भुगत रहे
सदगुरु की भक्ति करके पाप को मिटाइये
गलतियों से बचते हुए साधना बढ़ाइये
गलतियों से बचते हुए भक्ति को बढ़ाइये

३) हृदय की किताब पर ये बात लिख लीजिये
बन के सच्चे भक्त सच्चे दिल से अमल कीजिये
करके अमल बन के कमल तरिये और तारिये
जग में जगमगाते हुए जिन्दगी गुजारिये

४) मुशकिलों मुसीबतों का करना है जो खात्मा
हर समय कहना तेरा शुक्र है परमात्मा
फरियाद करके अपना हाल ना बिगाड़िये
जैसे प्रभु राखे वैसे जिन्दगी गुजारिये

हिम्मत ना हार.................................
हिम्मत ना हार.................................
बापू तेरे साथ प्यारे हिम्मत ना हार